**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 30.09.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **शिक्षा विभाग स्पेशल एजुकेटर के सौ पदों पर करेगा सीधी भर्ती–आज मंत्रिपरिषद की बैठक में दी गई मंजूरी।**
- **राज्य के नव–नियुक्त मुख्य सचिव विकासशील ने आज कार्यभार ग्रहण किया।**
- **राज्य सरकार ने चौदह आईएएस अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया।**
- **बस्तर दशहरा के तहत आज निशाजात्रा की रस्म अदा की जाएगी।**

## राज्य मंत्रिपरिषद–निर्णय

राज्य का शिक्षा विभाग स्पेशल एजुकेटर के सौ पदों पर सीधी भर्ती करेगा। यह भर्ती चयन परीक्षा के बजाए मेरिट के आधार पर की जाएगी। इस बात की मंजूरी आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में दी गई। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि इस भर्ती के लिए शिक्षा विभाग के भर्ती नियमों में एक बार के लिए छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

मंत्रिपरिषद ने राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम की चौबीस करोड़ पचास लाख रूपये से अधिक की बकाया ऋण राषि एकमुष्त वापस किए जाने का भी निर्णय लिया गया। आज मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हो रहे उन्नीस सौ नवासी बैच के भारतीय प्रषासनिक सेवा के अधिकारी अमिताभ जैन को विदाई दी। वहीं, नव–नियुक्ति मुख्य सचिव विकासशील का स्वागत किया गया।

## मुख्य सचिव–पदभार ग्रहण

राज्य के नव–नियुक्त मुख्य सचिव विकासशील ने आज कार्यभार ग्रहण कर लिया है। विकासशील छत्तीसगढ़ के तेरहवें मुख्य सचिव बने हैं। इसके पहले वे एशियन डेवलपमेंट बैंक, मनीला में कार्यकारी निदेशक के पद पर पदस्थ थे। श्री विकासशील भारतीय प्रशासनिक सेवा के उन्नीस सौ चौरानवे बैच के अधिकारी हैं।

## आईएएस–तबादला

राज्य सरकार ने चौदह आईएएस अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। रेणु जी. पिल्ले को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के अध्यक्ष के पद पर पदस्थ करने के साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, सुब्रत साहू को छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी का महानिदेशक बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें राजस्व मंडल के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। डॉक्टर रोहित यादव जनसंपर्क विभाग के सचिव बनाए गए हैं। वहीं, सोनमणि बोरा को उनके वर्तमान प्रभार के साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## नगरीय निकाय–एमओयू

शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने प्रदेश के चौदह नगरीय निकायों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव की मौजूदगी में नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में संबंधित नगरीय निकायों के महापौर, अध्यक्ष, आयुक्त और सीएमओ ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी एक सौ बयानवे नगरीय निकाय वर्चुअल रूप से जुड़े। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 'स्वच्छ शहर जोड़ी संवाद' का आयोजन किया गया। "स्वच्छ शहर जोड़ी" अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन–शहरी के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहर, अपने अनुभव उन शहरों से साझा करेंगे, जिनका प्रदर्शन स्वच्छ सर्वेक्षण में अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। इसके लिए मेन्टोर शहर और मेन्टी शहरों द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर करने के साथ ही आगे के रोडमैप पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने आरडीएफ ट्रैकिंग पोर्टल, व्हाट्स–अप चैटबॉट और स्वच्छता लीग के हिन्दी टूलकिट लॉन्च किया।

**क्रीडा प्रतियोगिता–समापन**

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने राज्य के स्कूलों में नौ हजार स्मार्ट क्लास और बाईस हजार कम्प्यूटर लगाने की घोषणा की है। यह घोषणा उन्होंने आज रायपुर स्थित जे.आर. दानी शासकीय कन्या उत्कृष्ट हिंदी माध्यमिक विद्यालय में आयोजित पच्चीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह में की। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जोन से आए खिलाड़ियों ने हॉकी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, सॉफ्ट टेनिस, रोलर स्केटिंग और साइक्लिंग जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**भोरमदेव शक्कर कारखाना–सदस्यता**

कबीरधाम जिले के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने में अब गैर–अंशधारी किसानों को भी सदस्यता दी जाएगी। इस निर्णय से सभी गन्ना किसानों को बराबरी का दर्जा मिलेगा और कारखाने की गन्ना आपूर्ति स्थिर तथा सुनिश्चित होगी। भारतीय किसान संघ और अन्य संगठनों द्वारा लंबे समय से गैर–अंशधारी किसानों को सदस्य बनाने की मांग की जा रही थी। प्रबंध संचालक मंडल ने किसानों की इस मांग को मानते हुए निर्णय लिया है कि अब भविष्य में गन्ना आपूर्ति करने वाले गैर–अंशधारी किसानों को भी कारखाने की सदस्यता दी जाएगी।

**सेवा पर्व**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, सेवा और सुशासन के मंत्र के आधार पर परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। 'सेवा पर्व' में आज हम आपको बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारत के लिए एक आधुनिक, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर रही है।

**शिक्षा वह आधारशिला है, जिस पर एक राष्ट्र अपना भविष्य गढ़ता है और ऐसे मस्तिष्कों को आकार देता है, जो पीढ़ियों के भाग्य का निर्माण करते हैं। जून दो हजार बीस में नरेंद्र मोदी सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पेश की, जो चौंतीस वर्षों में पहली ऐसी नीति है, जिसका उद्देश्य भारत की शिक्षा प्रणाली में आमूल–चूल परिवर्तन लाना और उसे इक्कीसवीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि इसका उद्देश्य शिक्षा के समान अवसर प्रदान करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, एनईपी, स्कूली और उच्च शिक्षा में व्यावसायिक और व्यावहारिक कौशल को शामिल करके कौशल विकास को मुख्यधारा की शिक्षा के साथ एकीकृत करने पर ज़ोर देती है। पिछले पांच वर्षों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भारत में एक अधिक समावेशी, शिक्षार्थी–केंद्रित और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणाली की नींव रखी है। निरंतर प्रतिबद्धता और सहयोग के साथ, एनईपी एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का वादा करती है, जो न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि प्रत्येक बच्चे में आत्मविश्वास, जिज्ञासा और क्षमता का पोषण भी करती है।**

**सेवा पर्व–विशेष कार्यक्रम**

श्रोताओं, सेवा पर्व के तहत पिछले ग्यारह साल में रक्षा क्षेत्र में हुए नावाचारों पर छत्तीसगढ़ राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के संचालक बिग्रेडियर विवेक शर्मा से ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल एक अक्टूबर को सुबह नौ बजे से किया जाएगा। यह कार्यक्रम अपलिंक पर उपलब्ध रहेगा और इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान**

"स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के तहत बलौदाबाजार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर में करीब ग्यारह सौ लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। वहीं, 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत मुंगेली में भी स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में जनजातीय क्षेत्र के इकतालीस गांवों की महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया गया।

**महाअष्टमी**

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज दुर्गा अष्टमी श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ मनाई जा रही है। आज के दिन महागौरी के रूप में शक्ति की उपासना की जाती है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश की विभिन्न शक्तिपीठों और मंदिरों में आज हवन–पूजन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंदिरों और दुर्गोत्सव समितियों के साथ–साथ व्रत उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं ने आज कन्याभोज भी कराया।

**बस्तर दशहरा**

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के तहत आज निशाजात्रा की रस्म अदा की जाएगी। परंपरा के अनुसार मध्यरात्रि को राजपरिवार के सदस्य कमलचंद भंजदेव मां दंतेश्वरी मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना के बाद मावली माता मंदिर पहुंचेंगे। इसके बाद वे जगदलपुर के अनुपमा चौक के पास स्थित निशागुड़ी जाएंगे। बस्तर दशहरा में कल मावली परघाव की रस्म होगी। इससे पहले, कल शाम फूलरथ की छठवीं और अंतिम परिक्रमा संपन्न हुई।

**छत्तीसगढ़ फिल्म–टैक्स फ्री**

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ी फिल्म "बलिदानी राजा गुरु बालकदास" को छत्तीसगढ़ में कर मुक्त करने की घोषणा की है। कल रायपुर स्थित अंबुजा मॉल के सिनेमाघर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने "बलिदानी राजा गुरु बालकदास" फिल्म देखी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**मौसम**

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि इस साल प्रदेश के छब्बीस जिलों में सामान्य बारिश हुई है। नये सिस्टम के चलते प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश के आसार हैं।

वहीं, आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश हुई।

**संक्षिप्त समाचार**

– जांजगीर–चांपा जिले के दो पंचायत सचिव को पीएम आवास योजना और वित्तीय अनियमितता के आरोप में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने निलंबित कर दिया है। इनमें कर्रा गांव के सचिव बुधराम कश्यप और लछनपुर गांव के सचिव रमाशंकर कश्यप शामिल हैं।

– बालोद पुलिस ने एक चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्ष दो हजार पंद्रह से फरार था।

– राजनांदगांव जिले के पड़रामटोला के पास महतारी एक्सप्रेस में महाराष्ट्र से लाई जा रही शराब की सोलह पेटी जब्त की गई है। इस मामले में पुलिस ने एंबुलेंस चालक को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>